लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **शिवांगी स्वर्णकार,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या / 53 / 2019 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः— 13.06.2019

श्री गणेशलाल पिता सवाईराम माली निवासी माली खेड़ा, पोस्ट जाशमा, तहसील भूपालसागर, जिला चित्तौड़गढ़

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़

प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम—2005

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राज.) जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 02.07.2019

सूचना का अधिकार अधिनियम—2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 23.04.2019 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 53 / 2019 / (02.07) / 228 दिनांक 13.06.2019 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 02.07.2019 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 02.07.2019 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या 53 / 2019 (सू.अ.)
श्री गणेशलाल माली निवासी पोस्ट जाशमा बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अति. कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़

अपीलार्थी ने स्वयं उपस्थित होकर मौखिक रूप से अपना पक्ष रखा कि उनके स्वयं के द्वारा उपस्थित होकर लोक सूचना अधिकारी के कार्यालय में दिनांक 23.04.2019 को सूचना चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया किन्तु आदिनांक तक उन्हें वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। अतः वांछित सूचना दिलाई जावे।

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्रांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2019 / 85 दिनांक 17.06.2019 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार हैः—

1. यह है कि प्रार्थी श्री गणेशलाल पिता सवाईराम माली निवासी मालीखेडा, तहसील भूपालसागर जिला चित्तौड़गढ़ द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 23.04.2019 का प्रस्तुत किया जो इस कार्यालय में दिनांक 10.06.2019 को प्राप्त होना सही है।
2. यह है कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र से चाही जा रही सूचना के समस्त तथ्य प्रभारी अधिकारी, सतर्कता अनुभाग से संबंधित होने से प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु प्रार्थना पत्र इस कार्यालय द्वारा पत्रांक / एडीएम / पीए / लो.सू.अ. / 2019 / 2176 दिनांक 13.06.2019 से प्रभारी अधिकारी सतर्कता अनुभाग को भिजवाया गया है। (छायाप्रति संलग्न है।)
3. यह कि प्रभारी अधिकारी, सतर्कता अनुभाग से शीघ्र सूचना प्राप्त कर प्रार्थी को रजिस्टर्ड ड़ाक द्वारा भिजवा दी जायेगी। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में दिनांक 10.06.2019 को प्राप्त हुआ है। प्रार्थी द्वारा कार्यालय में प्रस्तुत प्रथम अपील खारीज योग्य है। अतः प्रस्तुत अपील पर जवाब स्वीकार कर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील निरस्त योग्य होने से अपील को निरस्त कराने का श्रम करावें।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2019 / 85 दिनांक 17.06.2019 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नक का

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राज.) जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़
सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार लोक सूचना अधिकारी ने अपीलार्थी का आवेदन ही उनके कार्यालय में दिनांक 10.06.2019 को प्राप्त होना बताया है जबकि अपीलार्थी ने स्वयं उपस्थित होकर आवेदन दिनांक 23.04.2019 को ही प्रस्तुत करना बताया है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी आंशिक स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को निर्देशित किया जाता है कि चूंकि अपीलार्थी बी. पी. एल. श्रेणी से है अतः उसे अविलम्ब निः शुल्क सूचना उपलब्ध कराने की सुनिश्चितता करें।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(शिवांगी स्वर्णकार)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र. / सरिश्ता / प्र.सं. / 53 / 2019(सू.अ.) / 255   दिनांकः– 02 / 7 / 2019

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री गणेशलाल पिता सवाईराम माली निवासी माली खेड़ा, पोस्ट जाशमा, तहसील भूपालसागर, जिला चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)